प्रारंभिक (कक्षा–8) शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा 2019

विषय – सामाजिक विज्ञान

समय – 02.30 घंटे पूर्णांक – 100

(आदर्श उत्तर)

उत्तर 1 – वस्तुनिष्ठ प्रश्न –

(अ) सही विकल्प छाँट कर लिखिए –

1. (क) 1914
2. (ख) राजिम
3. (ब) सूचना का अधिकार
4. (अ) प्रति वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में रहने वाले लोगो की संख्या
5. (ग) 1 व 2

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

1. लार्ड माउंटबेटन
2. पूर्व
3. यूनेस्को
4. समानता
5. बीजा

उत्तर 2 – (1) लाला लाजपत राय

(2) बाल गंगाधर तिलक

(3) विपिन चंद्र पाल

(4) अरविंद घोष

(5) बंकिमचंद्र चटर्जी

(6) बी.पी.दास

टीपः– चार नाम लिखने पर चार अंक दिए जाएँ।

उत्तर 3 – (1) ब्राजील, पाकिस्तान बांग्लादेश, नाइजीरिया, रूस, जापान

(2) 1200 मिलियन

उत्तर 4 – छ.ग. के रामगढ़ (सरगुजा जिले) में सबसे प्राचीन नाट्यशाला है।

इस स्थान पर कालिदास ने मेघदूत की रचना की थी।

उत्तर 5 – (1) यह कार्यक्रम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चलाया जा रहा है।

(2) इस कार्यक्रम का नाम पल्स पोलियो टीकाकरण है।

(3) पोलियो बीमारी के उन्मूलन के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाती है।

उत्तर 6 – (1) वीर नारायण सिंह सोनाखान के जमींदार थे।

(2) उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचार व अन्याय का विरोध किया।

(3) वे 1857 की क्रांति के नेता थे।

(4) उन्हें 10 दिसंबर 1857 को फांसी दे दी गई।

उत्तर 7 – सूचना के अधिकारी के अन्तर्गत जानकारी प्राप्त करने के लिए जिस संस्था से जानकारी प्राप्त की जानी है उस संस्था के प्रमुख को लिखित में आवेदन देना होता है तथा इस हेतु 10 रूपए का शुल्क देना पड़ता है गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्ति को शुल्क नहीं देना पड़ता है।

उत्तर 8 – (1) विश्व में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए।

(2) दुनिया के देशों के बीच बराबरी एवं मित्रता पूर्ण संबंध विकसित करने के लिए।

(3) अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान हेतु।

(4) मानव अधिकारों तथा बुनियादी स्वतंत्रताओं को प्राप्त करने में सहयोग हेतु।

उत्तर 9 – छ.ग. के राजनैतिक विकास में पं. रविशंकर शुक्ल ठाकुर, प्यारेलाल सिंह, बैरिस्टर छेदीलाल, पं. रत्नाकर झा. खूबचंद बघेल, राधाबाई, धनश्याम सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन्होंने असहयोग आंदोलन, विभिन्न सत्याग्रहों, तथा विद्रोह आदि के माध्यम से शोषणकारी अंग्रेजों के खिलाफ लोगों में राजनीतिक चेतना जागृत की। इन्हीं के प्रयासों से छ.ग. का राजनैतिक विकास हुआ।

उत्तर 10 – सूचना के अधिकार के अंतर्गत सरपंच से जानकारी नहीं मिलने पर किकिरदा के लोगों ने रामू की मदद से जैजैपुर के सूचना अधिकारी को आवेदन किया। सूचना अधिकारी ने सरपंच को नोटिस जारी किया जिसके जबाव में सरपंच ने अपनी गलती स्वीकर की और लोगों का बचा हुआ पैसा वापस किया।

उत्तर 11 – गांधी जी के असहयोग आंदोलन को देश भर में समर्थन मिला। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। राष्ट्रीय शिक्षा देने वाले स्कूल कालेजों की स्थापना हुई। लोगों ने सरकारी नौकरी छोड़ दी। वकीलों ने अदालत का बहिष्कार किया। विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया गया व उनकी होली जलाई गई।

उत्तर 12 – क्योंकि –

1. विभाजन से हिन्दू –मुस्लिम दंगे हुए।
2. धन और जन की हानि हुई।
3. जूट और कपास उत्पादन के अधिकांश क्षेत्र पाकिस्तान में चले गए।
4. जूट और सूती कपड़े के अधिकांश कारखाने भारत में रह गए।
5. सिंचाई के अधिकांश क्षेत्र पाकिस्तान में चले गए।

(कोई चार बिन्दु लिखने पर पूर्ण अंक दिए जाए)

उत्तर 13 – पं. नेहरू के नेतृत्व में 1946 में एक अंतरिम सरकार बनने के बाद संविधान सभा का गठन किया जिसके अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे। इस सभा ने दिसम्बर

1946 में अपना काम शुरू किया। संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इसे 26 नवम्बर 1949 को अंतिम रूप प्रदान किया। इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया। इसके साथ ही भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणतंत्र बन गया।

अथवा

(अ) मुस्लिम लीग की सीधी कार्यवाही दिवस के बाद देश के कई स्थानों पर दंगे भड़क उठे। इसी अराजकता के वातावरण में मार्च 1947 में लार्ड माउंट बेटन भारत आए तथा उन्होंने हिन्दू तथा मुस्लिम नेताओं से बातचीत की। इसके पश्चात् उन्होंने भारत का विभाजन कर दो स्वतंत्र राष्ट्रों–भारत और पाकिस्तान निर्माण की योजना प्रस्तुत की। इसे ही माउंटबेटन योजना कहते है।

(ब) कश्मीर रियासत के राजा हरिसिंह ने स्वतंत्र रहने का निर्णय लिया था। लेकिन कश्मीर की जनता शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व में भारत में रहना चाहती थी। स्वतंत्रता पश्चात् पाकिस्तान के प्रोत्साहन से सशस्त्र घुसपैठियों ने कश्मीर पर आक्रमण कर दिया। तब राजा हरिसिंह ने कश्मीर के भारत में विलय के समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। फिर भारतीय सैनिकों की मदद से घुसपैठियों को भारत से खदेड़ दिया गया।

उत्तर 14 –

1. प्रादेशिक अखंडता और एकता का सम्मान करना।
2. अनाक्रमण
3. हस्तक्षेप
4. समानता और पारस्परिक लाभ
5. शांतिपूर्ण सहअस्तित्व

अथवा

1. देश द्वारा दूसरे देश की सीमाओं का सम्मान करना।

2. अनाक्रमण
3. सभी देशों का समान रूप से आदर व उनकी पहचान का सम्मान करना।
4. विश्व के किसी गुट में शामिल न होना।
5. अन्य देशों के साथ संबंधो में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष विचार करना।

उत्तर 15 – (1) स्थलाकृति

(2) जलवायु

(3) मृदा

(4) जल

(5) खनिज

(प्रत्येक के वर्णन पर पूर्ण अंक दिए जाये)

अथवा

कर्क रेखा
मुम्बई
हिन्द
महासागर
आस्ट्रेलिया
केपटाऊन